# सी.एस.आई.आर.–हिमालय जैवसंपदा प्रौद्योगिकी संस्थान
## पालमपुर–176061 (हिमाचल प्रदेश)

**"सरकार ऐसे कार्यबल के गठन हेतु प्रयासरत है जो लैंगिक संतुलन को प्रतिबिंबित करता हो तथा महिला उम्मीदवारों को आवेदन करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।"**

**विज्ञापन संख्या : 12/2026** **दिनांक : 01.08.2026**

| | |
|---|---|
| आर्फलाइन आवेदन प्रारम्भ होने की तिथि | 01.08.2026 |
| आर्फलाइन आवेदन की मूल हार्ड कॉपी प्राप्त होने की अंतिम तिथि | 31.08.2026 (सायं 05:00 बजे तक) |
| दूरस्थ/दुर्गम क्षेत्रों से आवेदन की मूल हार्ड कॉपी प्राप्त होने की अंतिम तिथि | 07.09.2026 (सायं 05:00 बजे तक) |

सी.एस.आई.आर.–हिमालय जैवसंपदा प्रौद्योगिकी संस्थान, पालमपुर, वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद के अंतर्गत आने वाले राष्ट्रीय संस्थानों में से एक है, जो कि भारत सरकार के विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय के वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान विभाग के अंतर्गत एक स्वायत्तशासी निकाय है। यह संस्थान लगभग 226.1 एकड़ में फैला है तथा धौलाधार पर्वत श्रृंखला की बर्फ से ढकी चोटियों की मनोहर पृष्ठभूमि एवं सुरम्य परिसर में स्थित है। यह संस्थान आधुनिक तकनीक का उपयोग करके हिमालय जैव–संसाधनों से प्रक्रियाओं और उत्पादों की खोज, विकास और व्यावसायीकरण करने के उद्देश्य के साथ अनुसंधान और प्रौद्योगिकी विकास के कार्य में लगा हुआ है। सी.एस.आई.आर.-आई.एच.बी.टी. ने औषधीय और सुगंधि पौधों, चाय और समशीतोष्ण फूलों की खेती के क्षेत्र में मिशन-उन्मुख अनुसंधान परियोजनाओं को सफलतापूर्वक पूरा किया है और यह ऊतक संवर्धन और जैव-प्रौद्योगिकी सुविधाओं से अच्छी तरह से सुसज्जित है।

सी.एस.आई.आर.–हिमालय जैवसंपदा प्रौद्योगिकी संस्थान, पालमपुर, **सुरक्षा सहायक** के पद पर सीधी भर्ती के माध्यम से भारत के योग्य नागरिकों से **ऑफलाइन** आवेदन आमंत्रित करता है।

**ऑफलाइन आवेदन प्रारम्भ होने की तिथि 01.08.2026 है।**

उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे अंतिम तिथि की प्रतीक्षा किए बिना समय रहते अपना आवेदन प्रेषित करें। आवेदन पत्र की मूल हार्ड कॉपी आवश्यक दस्तावेज़ों सहित आर्फलाइन आवेदन की मूल हार्ड कॉपी प्राप्त होने की अंतिम तिथि अर्थात दिनांक **31.08.2026 सायं 05:00 बजे तक** संस्थान में अनिवार्य रूप से प्राप्त हो जाने चाहिए। हालाँकि, दूरस्थ एवं दुर्गम क्षेत्रों, जैसे कि पूर्वोत्तर क्षेत्र, अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह, लक्षद्वीप, हिमाचल प्रदेश का लाहौल एवं स्पीति ज़िला, संघ शासित प्रदेश लद्दाख आदि में निवास करने वाले उम्मीदवारों के लिए आवेदन पत्र की मूल हार्ड कॉपी आवश्यक दस्तावेज़ों सहित प्राप्त होने की अंतिम तिथि दिनांक **07.09.2026 सायं 05:00 बजे तक** निर्धारित की गई है।

## पद का विवरण एवं आवश्यक शैक्षणिक योग्यता:

| पद का नाम एवं पद कोड | पद की संख्या एवं आरक्षण | वेतन मैट्रिक्स स्तर एवं सकल परिलब्धियाँ (7वें केंद्रीय वेतन आयोग के अनुसार)। | अनिवार्य शैक्षणिक अर्हता एवं अनुभव | वांछनीय अर्हता | अधिकतम आयु सीमा (ऑफलाइन आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि तक) |
|---|---|---|---|---|---|
| **सुरक्षा सहायक**<br>पद कोड: **SA122601** | **01 पद – अनारक्षित** | स्तर 6,<br>प्रारंभिक मूल वेतन: रु.35,400/–<br>कुल मासिक परिलब्धियाँ: (रु.66,435/– अनुमानित) | भूतपूर्व सैनिक, सेना अथवा अन्य अर्धसैनिक बलों में जेसीओ, जिनके पास सुरक्षा कार्य का पाँच वर्ष का अनुभव हो। # | हिंदी और अंग्रेज़ी में बातचीत और लिखने का अच्छा कौशल, साथ ही कंप्यूटर, आधुनिक अग्निशमन और सुरक्षा निगरानी प्रणालियों की जानकारी। | 28 वर्ष * |

* **आयु में छूट से संबंधित विवरण हेतु कृपया 'आयु सीमा एवं अन्य छूट' खंड देखें।**

\# **सशस्त्र बलों में जेसीओ के रैंक एवं समतुल्य वेतन तथा सशस्त्र बलों एवं अर्द्धसैनिक बलों के मध्य रैंक समकक्षता का विवरण परिशिष्ट 'क' में संलग्न है।**

सकल परिलब्धियाँ (Gross Emoluments) से अभिप्राय संबंधित वेतन मैट्रिक्स स्तर (Pay Matrix Level) के निर्दिष्ट वेतन स्तर के न्यूनतम मूल वेतन पर देय अनुमानित कुल परिलब्धियों से है, जिसमें मकान किराया भत्ता (जो स्टाफ क्वार्टर/सरकारी आवास में रहने वाले परिषद् कर्मचारियों पर लागू नहीं होगा) तथा **सी.एस.आई.आर.–हिमालय जैवसंपदा प्रौद्योगिकी संस्थान, पालमपुर** में कार्यरत परिषद् कर्मचारियों को **7वें केंद्रीय वेतन आयोग के अनुसार देय अन्य** भत्ते सम्मिलित हैं।

**सुरक्षा सहायक के पद के लिए आवश्यक शैक्षणिक अर्हता एवं अनुभव, वांछनीय अर्हता, कार्य दायित्व तथा चयन प्रक्रिया निम्नानुसार है:**

**अनिवार्य शैक्षणिक अर्हता एवं अनुभव**

भूतपूर्व सैनिक, सेना अथवा अन्य अर्धसैनिक बलों में जेसीओ, जिनके पास सुरक्षा कार्य का पाँच वर्ष का अनुभव हो।

**वांछित अर्हता**

हिंदी और अंग्रेज़ी में बातचीत और लिखने का अच्छा कौशल, साथ ही कंप्यूटर, आधुनिक अग्निशमन और सुरक्षा निगरानी प्रणालियों की जानकारी।

**नौकरी संबंधी अपेक्षाएँ**

संस्थान परिसर की दैनिक सुरक्षा व्यवस्था, आधारभूत संरचना, संसाधनों एवं परिसंपत्तियों की सुरक्षा सुनिश्चित करना, जिसमें कार्यालय परिसर, अतिथि गृह, स्थापना आदि की सुरक्षा व्यवस्था सम्मिलित है। इसके अतिरिक्त खुफिया एवं सतर्कता संबंधी कार्य, अग्निशमन और बिल्डिंग व एस्टेट की सुरक्षा के मानकों का ध्यान रखना, परिसंपत्तियों एवं भवनों की सुरक्षा, चौबीस घंटे निगरानी करना, संस्थान परिसर में लोगों और सामान के आवागमन का विनियमन, स्थानीय पुलिस एवं दूसरे अधिकारियों के साथ तालमेल बिठाना, ऑडिट और सुरक्षा अनुबंधों से जुड़े काम करना, सुरक्षा ड्यूटी पर तैनात रेगुलर/आउटसोर्स सुरक्षा कर्मचारियों की देखरेख और उन पर नियंत्रण रखना, रिकॉर्ड बनाए रखना एवं अधिकारियों द्वारा समय-समय पर सौंपे गए अन्य कार्य करना।

**चयन प्रक्रिया:**

1. छानबीन समिति द्वारा अनुशंसित सभी आवश्यक पात्रता मानदंडों को पूर्ण करने वाले उम्मीदवारों को **कौशल/शारीरिक परीक्षण एवं व्यक्तित्व मूल्यांकन परीक्षा (Pesonality Assessment Test - PAT)** हेतु आमंत्रित किया जाएगा।

2. **कौशल/शारीरिक परीक्षण एवं व्यक्तित्व मूल्यांकन परीक्षा (PAT)** में सफल घोषित उम्मीदवारों को लिखित प्रतियोगी परीक्षा **(Competitive Written Examination)** में सम्मिलित होने की अनुमति प्रदान की जाएगी।

**(क) चरण-I: कौशल/शारीरिक एवं व्यक्तित्व मूल्यांकन परीक्षा**

**(i) शारीरिक मानक :**

| **आवश्यक न्यूनतम ऊँचाई** | **पुरूष** | **महिला** |
|---|---|---|
| सामान्य | 167 cms | 157 cms |
| पर्वतीय क्षेत्र @ | 165 cms | 155 cms |
| अनुसूचित जनजाति | 162.5 cms | 154 cms |

| **पुरूष उम्मीदवारों के लिए छाती की न्यूनतम आवश्यकता** | **सामान्य अवस्था (बिना छाती फुलाए )** | **छाती फुलाने पर** |
|---|---|---|
| सामान्य | 80 cms | 85 cms |
| पर्वतीय क्षेत्र @ | 80 cms | 85 cms |
| अनुसूचित जनजाति | 77 cms | 82 cms |

@ गढ़वाल, कुमाऊँ, हिमाचल प्रदेश, गोरखा, डोगरा, मराठा, कश्मीर घाटी, लेह एवं लद्दाख क्षेत्र, पूर्वोत्तर राज्यों तथा सिक्किम से संबंधित अभ्यर्थी।

**(ii) शारीरिक परीक्षण :**

| शारीरिक गतिविधियाँ | पुरूष | महिला |
|---|---|---|
| दौड़ | 1600 मीटर, 6 मिनट 30 सेकंड में | 800 मीटर, 4 मिनट में |
| लंबी कूद | 3 अवसरों में 3.65 मीटर | 3 अवसरों में 2.70 मीटर |
| चिन-अप्स | न्यूनतम 06 | लागू नहीं |
| पुश-अप्स | न्यूनतम 12 | लागू नहीं |
| सिट-अप्स | न्यूनतम 10 | न्यूनतम 10 |

**(iii) व्यक्तित्व मूल्यांकन परीक्षण:**

| | |
|---|---|
| **परीक्षा की विधि** | ओएमआर आधारित अथवा कंप्यूटर आधारित वस्तुनिष्ठ बहुविकल्पीय परीक्षा। |
| **परीक्षा का माध्यम** | प्रश्न अंग्रेज़ी एवं हिन्दी दोनों भाषाओं में होंगे। |
| **प्रश्नों की संख्या** | 100<br>(यह परीक्षण सामान्य बुद्धिमत्ता, मात्रात्मक अभिरूचि, तर्कशक्ति, समस्या समाधान, परिस्थितिजन्य निर्णय आदि विषयों को सम्मिलित करते हुए तैयार किया जाएगा)। |
| **अधिकतम अंक** | 100 अंक<br>(प्रत्येक सही उत्तर हेतु एक अंक दिया जाएगा। गलत उत्तर के लिए कोई नकारात्मक अंकन नहीं होगा)। |
| **परीक्षा का स्तर** | कक्षा 12वीं (XII) |
| **समयावधि** | 1 घंटा 30 मिनट |

यह परीक्षण केवल अर्हकारी (कवालिफाईंग) प्रकृति का होगा तथा केवल वे उम्मीदवार उत्तीर्ण माने जाएंगे जो न्यूनतम निर्धारित अंक प्राप्त करेंगे। तथापि, नयूनतम अर्हक अंक किसी भी स्थिति में 30% से कम नहीं होंगे।

**(ख) चरण-II: लिखित प्रतियोगी परीक्षा**

सुरक्षा सहायक पद हेतु कौशल/शारीरिक एवं व्यक्तित्व मूल्यांकन परीक्षण में अर्हता प्राप्त करने वाले उम्मीदवारों को लिखित प्रतियोगी परीक्षा हेतु आमंत्रित किया जाएगा। लिखित प्रतियोगी परीक्षा वर्णनात्मक प्रकृति की होगी।

| | | |
|---|---|---|
| **परीक्षा का माध्यम** | प्रश्नपत्र द्विभाषी (अंग्रेज़ी एवं हिन्दी) होगा तथा परीक्षा अंग्रेज़ी अथवा हिन्दी किसी भी माध्यम में दी जा सकती है। | |
| **अधिकतम अंक** | बोधगम्यता | 25 अंक |
| | प्रतिवेदन लेखन | 25 अंक |
| | सुरक्षा विनियम, अग्निशमन आदि | 25 अंक |
| | सामान्य जागरूकता | 25 अंक |
| | **कुल** | **100 अंक** |
| **परीक्षा का स्तर** | कक्षा 12वीं | |
| **समयावधि** | 2 घंटे | |

अंतिम मेरिट सूची उम्मीदवारों के लिखित प्रतियोगी परीक्षा में प्रदर्शन के आधार पर तैयार की जाएगी तथा इसमें केवल वही उम्मीदवार सम्मिलित होंगे जो लिखित प्रतियोगी परीक्षा में न्यूनतम अर्हक अंक प्राप्त करेंगे। तथापि, नयूनतम अर्हक अंक किसी भी स्थिति में 35% से कम नहीं होंगे।

1. <u>परिषद सेवा के अंतर्गत लाभ</u> :

**क.** इस पद पर सामान्य भत्ते अर्थात महंगाई भत्ता (डीए), परिवहन भत्ता (टीए), मकान किराया भत्ता (एचआरए) आदि देय होंगे, जो केंद्र सरकार के कर्मचारियों के लिए स्वीकार्य हैं और 7वें केंद्रीय वेतन आयोग के अनुसार सीएसआईआर–आईएचबीटी, पालमपुर में परिषद कर्मचारियों के लिए लागू हैं। परिषद के कर्मचारी सीएसआईआर आवास आवंटन नियमों के अनुसार अपनी पात्रता के अनुरूप संस्थान में आवास प्राप्त करने के पात्र होंगे। ऐसे मामलों में उन्हें मकान किराया भत्ता देय नहीं होगा। तथापि, यदि चयनित व्यक्ति को संस्थान परिसर में आवास आवंटित किया जाता है, तो उसे संस्थान परिसर में ही निवास करना होगा।

**ख.** प्रत्येक श्रेणी के पदों के समक्ष दर्शाए गई परिलब्धियों के अतिरिक्त, चिकित्सा व्यय की प्रतिपूर्ति, अवकाश यात्रा रियायत, गृह निर्माण अग्रिम, संतान शिक्षा भत्ता आदि जैसे लाभ परिषद कर्मचारियों के लिए लागू होते हैं।

**ग.** यह पद राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (पूर्ववर्ती नई पेंशन योजना) द्वारा शासित होगा जो 01.01.2004 से लागू है, जैसा कि भारत सरकार द्वारा अधिसूचित किया गया है और सीएसआईआर द्वारा उनके पत्र संख्या 17/68/2001–E.II, दिनांक 23.12.2003 एवं इस विषय पर जारी अन्य अनुदेशों के तहत अपनाया गया है।

**घ.** यह पद एक पृथक पद के रूप में वर्गीकृत है। इस पद पर नियुक्त कर्मचारी का प्रत्येक दस वर्ष की नियमित सेवा पूर्ण होने पर विभागीय पदोन्नति समिति द्वारा मूल्यांकन के उपरांत, संबंधित अगले उच्चतर ग्रेड में पदोन्नति हेतु विचार किया जाएगा।

2. <u>सामान्य शर्तें और अन्य जानकारी</u> :

**क.** आवेदक भारत का नागरिक होना चाहिए।

**ख.** सभी आवेदकों को आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि, अर्थात **31.08.2026** तक विज्ञापित पद के लिए निर्धारित सभी अनिवार्य पात्रता शर्तों, जैसे आयु, आवश्यक शैक्षणिक योग्यता, अनुभव तथा अन्य सभी शर्तों को पूर्ण करना अनिवार्य होगा। उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि आवेदन करने से पहले सुनिश्चित कर लें कि वे आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि, अर्थात **31.08.2026** तक संबंधित पद के लिए निर्धारित कम से कम आवश्यक शैक्षणिक योग्यता एवं अन्य सभी अनिवार्य पात्रता शर्तों को पूरा करते हैं। पात्रता संबंधी सलाह या स्पष्टीकरण के लिए किसी भी प्रकार के पत्राचार/पूछताछ पर विचार नहीं किया जाएगा।

**ग.** निर्धारित अनिवार्य शैक्षणिक योग्यताएँ न्यूनतम हैं तथा मात्र इनके होने से किसी उम्मीदवार को कौशल परीक्षा/शारीरिक एवं व्यक्तित्व मूल्यांकन परीक्षा तथा लिखित प्रतियोगी परीक्षा हेतु बुलाए जाने का अधिकार प्राप्त नहीं होगा। विधिवत गठित छानबीन समिति उम्मीदवारों की शॉर्टलिस्टिंग हेतु अपने विवेकानुसार उपयुक्त मानदंड अपनाएगी । इसलिए, उम्मीदवारों को आवेदन पत्र में न्यूनतम निर्धारित योग्यता से अधिक, संबंधित क्षेत्र में अर्जित सभी अतिरिक्त शैक्षणिक योग्यताओं एवं अनुभवों का स्पष्ट उल्लेख आवश्यक दस्तावेजों सहित करना चाहिए।

**घ.** उम्मीदवार को आवेदन पत्र के साथ स्वयं–सत्यापित नवीनतम फोटोग्राफ, जो आवेदन पत्र पर विधिवत चिपकाया गया हो, परीक्षा हेतु आवेदन पत्र के साथ दो अतिरिक्त रंगीन पासपोर्ट आकार के हाल ही के फोटोग्राफ, स्व–सत्यापित प्रमाण–पत्रों की प्रतियाँ, अंक–पत्र, आयु, शैक्षिक योग्यता, अनुभव और श्रेणी प्रमाण–पत्र (यदि लागू हो), डिस्चार्ज बुक संलग्न करना अनिवार्य है। निर्धारित योग्यताएँ मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालयों/संस्थानों से प्राप्त की गई होनी चाहिए। अपूर्ण आवेदन **(स्व-सत्यापित फोटोग्राफ के बिना, तय आवेदन शुल्क के बिना, संबंधित प्रमाण–पत्रों की स्व–सत्यापित प्रतियों के बिना, स्व–सत्यापित डिस्चार्ज बुक की पूरी प्रति के बिना, या कोई अन्य ज़रूरी संलग्नक के बिना)** पर विचार नहीं किया जाएगा और उसे तुरंत निरस्त कर दिया जाएगा।

**ङ.** आवश्यक शैक्षिक योग्यताओं में समकक्षता संबंधी प्रावधान के संबंध में, यदि कोई उम्मीदवार विज्ञापन की आवश्यकता के अनुसार किसी विशेष योग्यता का समकक्ष योग्यता के रूप में दावा करता है, तो उसे इस संबंध में सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी आदेश/पत्र की प्रति (संख्या एवं दिनांक सहित) आवेदन के साथ संलग्न करनी होगी अन्यथा आवेदन निरस्त किया जा सकता है।

**च.** यदि प्रस्तुत किया गया कोई दस्तावेज/प्रमाणपत्र हिंदी या अंग्रेजी के अलावा किसी अन्य भाषा में है, तो उसकी राजपत्रित अधिकारी या नोटरी द्वारा विधिवत सत्यापित प्रतिलिपि संलग्न करनी होगी।

**छ.** समकक्ष रैंकों **(परिशिष्ट 'क' में निर्दिष्ट रैंकों को छोड़कर)** के संबंध में, यदि कोई उम्मीदवार विज्ञापन में निर्धारित पात्रता के अनुसार अपने रैंक को जेसीओ (JCO) के समकक्ष होने का दावा करता है तो उसे अपने आवेदन पत्र के साथ इसके समर्थन में संबंधित दस्तावेज़ संलग्न करने होंगे। अन्यथा, उसका आवेदन निरस्त किया जा सकता है।

**ज.** यह सूचित किया जाता है कि यदि किसी उम्मीदवार द्वारा दी गई कोई भी घोषणा या जानकारी गलत पाई जाती है, या यदि यह पाया जाता है कि उम्मीदवार द्वारा जानबूझकर कोई ज़रूरी जानकारी छिपाई गयी है, तो भर्ती प्रक्रिया किसी भी चरण में उसकी उम्मीदवारी रद्द की जा सकती है। यदि सेवा में शामिल होने के बाद ऐसी जानकारी छिपाने या गलत घोषणा का पता चलता है तो उसे सेवा से हटाया जा सकता है, और सक्षम प्राधिकारी द्वारा आवश्यक समझी जाने वाली अन्य कार्रवाई भी की जा सकती है।

**झ.** आवेदन पत्र में उम्मीदवार द्वारा दी गई जानकारी और मूल दस्तावेज़ों में उपलब्ध जानकारी के बीच यदि कोई भी विसंगति पायी जाती है, तो उम्मीदवार को कौशल परीक्षा/शारीरिक परीक्षा/लिखित प्रतियोगी परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा।

**ञ.** आवेदन के लिए अधिकतम आयु सीमा, योग्यता तथा/अथवा अनुभव के निर्धारण हेतु कट-ऑफ तिथि ऑफलाइन आवेदन प्राप्त होने की अंतिम निर्धारित तिथि अर्थात **31.08.2026** होगी।

**ट .** उम्मीदवार द्वारा किसी भी प्रकार की सिफारिश करना/किसी भी प्रकार का राजनीतिक अथवा अन्य बाहरी प्रभाव डालने का प्रयास करना, संबंधित पद के लिए उम्मीदवार की अयोग्यता माना जाएगा।

**ठ.** आवेदनों की संख्या अधिक होने की स्थिति में, सीएसआईआर–आईएचबीटी निम्नलिखित में से किसी एक या अधिक तरीकों से शारीरिक परीक्षण/लिखित परीक्षा के लिए बुलाए जाने वाले उम्मीदवारों की संख्या को उचित संख्या तक सीमित करने के लिए शॉर्टलिस्टिंग मानदंड अपना सकता है :

i. विज्ञापन में निर्धारित न्यूनतम अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता पूर्ण करने के उपरांत, उससे उच्चतर शैक्षणिक योग्यता के आधार पर।
ii. शैक्षणिक योग्यता में प्राप्त अंकों के आधार पर।
iii. अनुभव और/या वेतन स्तर के आधार पर।
iv. सीएसआईआर–आईएचबीटी द्वारा उपयुक्त समझी गई कोई अन्य पद्धति।

**ड.** यदि उम्मीदवारों के बीच मेरिट सूची में बराबरी होगी, तो बराबरी का समाधान निम्नलिखित वरीयता क्रम (आरोही क्रम) में तब तक किया जाएगा, जब तक बराबरी का समाधान न हो जाए :

i. संबंधित विषय/ट्रेड के प्रश्नपत्रों में अधिक अंक प्राप्त करने वाले उम्मीदवार को उच्च स्थान दिया जाएगा,
ii. लिखित परीक्षा के संबंधित विषय/ट्रेड के प्रश्नपत्रों में कम नकारात्मक अंक (यदि लागू हो) वाले उम्मीदवार को उच्च स्थान दिया जाएगा,
iii. लिखित परीक्षा के प्रश्नपत्रों (जिन्हें मेरिट तैयार करने के लिए माना गया है) में कम नकारात्मक अंक (यदि लागू हो) वाले उम्मीदवार को उच्च स्थान दिया जाएगा,
iv. जन्म तिथि, अधिक आयु वाले उम्मीदवार को ऊपर रखा जाएगा,
v. अनिवार्य योग्यता पूर्व में प्राप्त करने वाले उम्मीदवार को उच्च स्थान दिया जाएगा,
vi. उम्मीदवारों के प्रथम नाम के वर्णानुक्रम के आधार पर वरीयता निर्धारित की जाएगी।

**ढ.** पात्रता, आवेदनों की स्वीकृति अथवा अस्वीकृति, चयन का तरीका, परीक्षा का संचालन, भर्ती प्रक्रिया/विज्ञापन को किसी भी चरण पर बिना कोई कारण बताए निरस्त करने तथा आवश्यकता होने पर विज्ञापित किसी एक अथवा सभी पदों को न भरने से संबंधित सभी मामलों में निदेशक, सीएसआईआर–आईएचबीटी, पालमपुर का निर्णय अंतिम होगा और उम्मीदवारों पर बाध्यकारी होगा। इस संबंध में किसी भी प्रकार का अभ्यावेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।

ण. इसके अतिरिक्त, इस भर्ती से संबंधित सभी आगामी सूचनाएँ/अधिसूचनाएँ/शुद्धिपत्र/परिशिष्ट केवल संस्थान की वेबसाइट पर ही उपलब्ध कराए जाएँगे। अतः उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे नवीनतम जानकारी के लिए नियमित रूप से संस्थान की वेबसाइट अर्थात https://www.ihbt.res.in/en/ का अवलोकन करते रहें।

**किसी भी अंतरिम पूछताछ या पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा।**

**3. आयु सीमा एवं अन्य छूट:**

**क.** आयु सीमा, शैक्षणिक योग्यता और अनुभव निर्धारित करने की कट–ऑफ तिथि ऑफलाइन आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि अर्थात **31.08.2026** होगी।

**ख.** अनारक्षित पद के लिए आवेदन करने वाले अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवार आयु में छूट के लिए पात्र नहीं होंगे।

**ग.** भारत सरकार के प्रावधानों के अनुसार, विधवाओं, तलाकशुदा महिलाओं और न्यायिक रूप से अपने पति से अलग रह रही महिलाओं, जिन्होंने पुनर्विवाह नहीं किया है, के लिए अधिकतम आयु सीमा छूट 35 वर्ष तक है। इस उप–अनुच्छेद के अंतर्गत आयु सीमा में छूट का दावा करने वाले उम्मीदवारों को निम्नलिखित दस्तावेजी साक्ष्य प्रस्तुत करने होंगे:

(i) विधवा के मामले में, उसके पति का मृत्यु प्रमाण पत्र तथा शपथ पत्र कि उसने उसके बाद से पुनर्विवाह नहीं किया है।

(ii) तलाकशुदा महिलाओं तथा अपने पति से न्यायालय द्वारा विधिक रूप से पृथक की गई महिलाओं के मामले में, तलाक अथवा न्यायिक पृथक्करण के तथ्य को साबित करने के लिए सक्षम न्यायालय द्वारा पारित निर्णय/डिक्री की विधिवत प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा। तलाकशुदा महिलाओं को इसके अतिरिक्त एक शपथ पत्र भी प्रस्तुत करना होगा, जिसमें यह घोषित किया गया हो कि तलाक के पश्चात उन्होंने पुनर्विवाह नहीं किया है।

**घ.** आयु सीमा में छूट केवल भूतपूर्व सैनिक श्रेणी के उन उम्मीदवारों को देय होगी, जिन्हें समय–समय पर संशोधित "भूतपूर्व सैनिक" (केंद्रीय सिविल सेवाओं एवं पदों में पुनर्नियोजन) नियम के उप-नियम 2(सी) के अंतर्गत परिभाषित किया गया है। यह छूट सशस्त्र बलों के सेवारत कर्मियों (उन कर्मियो को छोड़कर जिन्हें पेंशन अर्जित करने के पश्चात नियोक्ता द्वारा सेवा मुक्त किया जा रहा हो) तथा अर्द्धसैनिक बलों के कर्मियों पर लागू नहीं होगी। भूतपूर्व सैनिक उम्मीदवारों को ऑफलाइन आवेदन प्रस्तुत करते समय अपनी **स्व–सत्यापित डिस्चार्ज बुक की पूरी प्रति** संलग्न करनी होगी। **भूतपूर्व सैनिक उम्मीदवारों हेतु अधिकतम आयु सीमा में छूट, ऑफलाइन आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि को वास्तविक आयु से प्रदत्त सैन्य सेवा अवधि घटाने के पश्चात अधिकतम 03 वर्ष तक अनुमन्य होगी।**

**4. आवेदन शुल्क :**

**क.** सामान्य/ अन्य पिछड़ा वर्ग/ईडब्ल्यूएस श्रेणी के उम्मीदवारों को ₹500/–( पाँच सौ रुपये मात्र), का आवेदन शुल्क (वापसी योग्य नहीं) डिमांड ड्राफ्ट/बैंकर चेक के माध्यम से ही जमा करना होगा, जो कि "निदेशक, सीएसआईआर - आईएचबीटी, पालमपुर (हिमाचल प्रदेश)" के पक्ष में जारी किया जाएगा और पालमपुर में देय हो। आवेदन प्रपत्र में शुल्क विवरण हेतु निर्धारित कॉलम में डिमांड ड्राफ्ट/बैंकर चेक का विवरण भरें। शुल्क का भुगतान किसी अन्य माध्यम से स्वीकार नहीं किया जाएगा।

**ख.** अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/महिला/भूतपूर्व सैनिक श्रेणी के उम्मीदवारों को नियमानुसार आवेदन शुल्क के भुगतान से छूट है। उम्मीदवार आवेदन प्रपत्र में शुल्क विवरण हेतु निर्धारित कॉलम में **'शुल्क से छूट'** अंकित करें।

## 5. <u>कौशल/शारीरिक एवं व्यक्तित्व मूल्यांकन परीक्षा तथा लिखित प्रतियोगी परीक्षा के केंद्र</u> :

**क.** कौशल/शारीरिक एवं व्यक्तित्व मूल्यांकन परीक्षा और लिखित प्रतियोगी परीक्षा पालमपुर में आयोजित की जाएगी। हालाँकि, यह सीएसआईआर–आईएचबीटी, पालमपुर द्वारा निर्धारित किसी भी शहर या शहरों में आयोजित की जा सकती है और केंद्र परिवर्तन संबंधी किसी भी अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा। शारीरिक परीक्षा, व्यक्तित्व मूल्यांकन परीक्षा तथा लिखित प्रतियोगी परीक्षा अलग-अलग तिथियों एवं समय पर तथा विभिन्न परीक्षा केन्द्रों में आयोजित की जा सकती हैं।

**ख.** कौशल/शारीरिक एवं व्यक्तित्व मूल्यांकन परीक्षा तथा लिखित प्रतियोगी परीक्षा की तिथि, समय और स्थान की सूचना उम्मीदवारों को पर्याप्त समय पूर्व सीएसआईआर–आईएचबीटी की वेबसाइट पर प्रकाशित की जाएगी। साथ ही यह सूचना उम्मीदवारों द्वारा आवेदन पत्र में दिए गए पते पर ई.मेल/स्पीड पोस्ट के माध्यम से भी भेजी जाएगी। अतः उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे आवेदन पत्र में अपना पूर्ण डाक पता तथा ई.मेल आईडी स्पष्ट एवं साफ–सुथरे अक्षरों में अंकित करें।

**ग.** उम्मीदवार को कौशल/शारीरिक/व्यक्तित्व मूल्यांकन परीक्षण/लिखित प्रतियोगी परीक्षा में बैठने के लिए यात्रा, भोजन और आवास का खर्च स्वयं वहन करना होगा।

## 6. <u>आवेदन कैसे करें</u> :

**क** योग्य उम्मीदवारों को अपने आवेदन ऑफलाइन माध्यम से सीएसआईआर–आईएचबीटी वेबसाइट पर उपलब्ध निर्धारित आवेदन प्रपत्र में ही प्रस्तुत करने होंगे। निर्धारित आवेदन प्रपत्र के अतिरिक्त किसी अन्य प्रारूप अथवा किसी अन्य माध्यम से प्रस्तुत किए गए आवेदन बिना किसी पूर्व सूचना के सीधे अस्वीकृत कर दिए जाएंगे।

**ख** सामान्य/अन्य पिछड़ा वर्ग/ईडब्ल्यूएस श्रेणी के उम्मीदवारों को **₹** 500/– (पाँच सौ रुपये मात्र) का आवेदन शुल्क (वापसी योग्य नहीं) डिमांड ड्राफ्ट/बैंकर चेक के माध्यम से जमा करना होगा, जो कि "निदेशक, सीएसआईआर–आईएचबीटी, पालमपुर (हिमाचल प्रदेश)" के पक्ष में, पालमपुर में देय हो। अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/महिला/पूर्व सैनिक (ईएसएम) को नियमानुसार आवेदन शुल्क जमा करने से छूट है।

**ग** विधिवत रूप से भरा हुआ मूल आवेदन प्रपत्र, डिमांड ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक के साथ योग्यता, अनुभव, श्रेणी, जन्मतिथि आदि के समर्थन में सभी प्रशंसापत्र/प्रमाणपत्र/अंक पत्रों की स्व–सत्यापित प्रतियां एक सीलबंद लिफाफे में जिस पर "__________________ के पद के लिए आवेदन" लिखा हो, केवल स्पीड पोस्ट द्वारा "प्रशासन नियंत्रक, सीएसआईआर–हिमालय जैवसंपदा प्रौद्योगिकी संस्थान, पोस्ट बॉक्स–6, पालमपुर, जिला कांगड़ा (हिमाचल प्रदेश)– 176 061" विज्ञापन के अनुसार आवेदन की अंतिम तिथि अथवा उससे पूर्व उपर्युक्त पते पर अनिवार्य रूप से प्राप्त हो जाना चाहिए। अंतिम तिथि के पश्चात प्राप्त होने वाले आवेदन पत्रों पर किसी भी परिस्थिति में विचार नहीं किया जाएगा।

**घ.** एक बार आवेदन पत्र जमा किये जाने के पश्चात उसे वापस लेने की अनुमति नहीं होगी तथा एक बार भुगतान की गई फीस किसी भी परिस्थिति में वापस नहीं की जाएगी और न ही इसे भविष्य में किसी अन्य भर्ती या चयन प्रक्रिया के लिए समायोजित या आरक्षित रखा जाएगा।

**ङ** सरकारी विभागों के कर्मचारियों के आवेदनों पर केवल तभी विचार किया जाएगा जब वे उचित माध्यम से अग्रेषित किये गए हों अथवा आवेदन के साथ नियोक्ता द्वारा जारी **अनापत्ति प्रमाण पत्र** संलग्न हो जिसमें नियोक्ता द्वारा प्रमाणित किया गया हो कि चयनित होने पर आवेदक को नियुक्ति आदेश प्राप्त होने के एक महीने के भीतर कार्यभार मुक्त कर दिया जाएगा जिसके साथ **सतर्कता अनापत्ति** का स्पष्ट उल्लेख भी होना आवश्यक है। तथापि, उम्मीदवार आवेदन की **अग्रिम प्रति** अंतिम तिथि तक भेज सकते हैं। ऐसे आवेदन जो उचित माध्यम से भेजे गए हों, आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि से 30 दिनों के भीतर सीएसआईआर–आईएचबीटी, पालमपुर में अवश्य प्राप्त हो जाने चाहिए।

च. उम्मीदवारों को विशेष रूप से ध्यान रखना चाहिए कि किसी भी कारण से अंतिम तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पत्रों **(जैसे लिफाफे पर गलत पता लिखा होना, अन्यत्र पहुंचना, डाक में देरी या कोई अन्य कारण आदि)** पर विचार नहीं किया जाएगा।

छ. अपूर्ण आवेदनों (अर्थात मूल प्रति में प्रस्तुत न किए गए आवेदन पत्र, ऐसे आवेदन प्रपत्र जिन पर फोटो ठीक से चिपकाकर उस पर पूर्ण हस्ताक्षर न हों, आवेदक के हस्ताक्षर रहित, आवेदन शुल्क के बिना (यदि लागू हो), अपेक्षित विवरण के बिना, आवश्यक प्रमाण पत्रों एवं दस्तावेजों की स्वप्रमाणित प्रतियों के बिना अथवा स्व-सत्यापित डिस्चार्ज बुक की पूर्ण प्रति के बिना) पर विचार नहीं किया जाएगा तथा ऐसे आवेदन निरस्त कर दिए जाएंगे।

ज. **आवेदन पत्र के साथ निम्नलिखित दस्तावेज संलग्न करना अनिवार्य है, ऐसा न करने पर उम्मीदवार के आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा और उसे निरस्त कर दिया जाएगा :**

i. आवेदन शुल्क के रूप में ₹500/– का डिमांड ड्राफ्ट/बैंकर चेक, यदि लागू हो।

ii. उम्मीदवार का नवीनतम रंगीन पासपोर्ट आकार का सामने से लिया गया फोटोग्राफ, जो निर्धारित आवेदन प्रपत्र पर विधिवत चिपकाया गया हो तथा उस पर उम्मीदवार द्वारा पूर्ण हस्ताक्षर किए गए हों।

iii. परीक्षा के प्रयोजन हेतु आवेदन पत्र के साथ दो अतिरिक्त नवीन रंगीन पासपोर्ट आकार के फोटोग्राफ (जो आवेदन प्रपत्र पर चिपकाए गए फोटोग्राफ के समान हों) संलग्न किए जाने चाहिए।

iv. जन्म तिथि प्रमाण पत्र की स्व–सत्यापित फोटोकॉपी।

v. शैक्षिक योग्यता/प्रमाणपत्रों की स्व–सत्यापित फोटोकॉपी।

vi. जाति/श्रेणी प्रमाण पत्र की स्व–सत्यापित फोटोकॉपी, यदि लागू हो।

vii. अनुभव प्रमाण पत्र की स्व–सत्यापित फोटोकॉपी, यदि कोई हो तो।

viii भूतपूर्व सैनिक/अर्धसैनिक बलों के संबंध में **डिस्चार्ज बुक की पूरी प्रति** की स्व–सत्यापित फोटोकॉपी।

ix. मौजूदा नियोक्ता से **"अनापत्ति प्रमाण पत्र"**, यदि लागू हो। [विज्ञापन के खंड 6(ङ) के अनुसार।]

x. पहचान के लिए मान्य दस्तावेज़ (आधार कार्ड/पैन कार्ड/मतदाता पहचान पत्र/ड्राइविंग लाइसेंस आदि) की स्व–सत्यापित फोटोकॉपी।

xi. आवेदक द्वारा विधिवत भरा हुआ एवं हस्ताक्षरित सारांश पत्र।

**एसडी /-**
**प्रशासन नियंत्रक**

<u>नोट</u> : **यदि इस विज्ञापन के हिंदी एवं अंग्रेज़ी संस्करण के बीच किसी प्रकार की विसंगति पायी जाती है, तो विज्ञापन का अंग्रेज़ी संस्करण ही मान्य होगा।**

परिशिष्ट 'क'

## सशस्त्र बलों में जेसीओ के रैंक एवं समतुल्य वेतन स्तर

| क्रम सं. | सेना | नौसेना | वायु सेना | रक्षा वेतन मैट्रिक्स में वेतन स्तर |
|---|---|---|---|---|
| 1. | नायब सूबेदार | चीफ पेट्टी ऑफिसर | जूनियर वॉरन्ट ऑफिसर | 6 |
| 2. | सूबेदार | मास्टर चीफ पेट्टी ऑफिसर-II | वॉरन्ट ऑफिसर | 7 |
| 3. | सूबेदार मेज़र | मास्टर चीफ पेट्टी ऑफिसर-I | मास्टर वॉरन्ट ऑफिसर | 8 |
| 4. | मानद लेफ्टिनेंट | मानद सब लेफ्टिनेंट | मानद फ्लाइंग ऑफिसर | 10 |
| 5. | मानद कैप्टन | मानद लेफ्टिनेंट | मानद फ्लाइट लेफ्टिनेंट | 10 B |

## सशस्त्र बलों एवं अर्धसैनिक बलों के मध्य रैंक समकक्षता

| क्रम सं. | सेना | वेतनमान | बीएसएफ/आईटीबीपी | वेतनमान |
|---|---|---|---|---|
| 1. | नायब सूबेदार | रू 35,400/– (**पे मैट्रिक्स स्तर-6**) | सब इन्स्पेक्टर | रू 35,400/– (**पे मैट्रिक्स स्तर-6**) |
| 2. | सूबेदार | रू 44,900/– (**पे मैट्रिक्स स्तर-7**) | इन्स्पेक्टर | रू 44,900/– (**पे मैट्रिक्स स्तर-7**) |
| 3. | सूबेदार मेज़र | रू 47,600/– (**पे मैट्रिक्स स्तर-8**) | सूबेदार मेज़र | रू 47,600/– (**पे मैट्रिक्स स्तर-8**) |

(i) पे मैट्रिक्स के स्तर-6 में सब इन्स्पेक्टर के पद पर कार्यरत अर्द्धसैनिक बल के कर्मियों को सेना के नायब सूबेदार के समकक्ष माना जाएगा;

(ii) पे मैट्रिक्स के स्तर-7 में इन्स्पेक्टर के पद पर कार्यरत अर्द्धसैनिक बल के कर्मियों को सेना के सूबेदार के समकक्ष माना जाएगा;

**टिप्पणी :** संबंधित व्यक्ति का वही वेतन स्तर-6 अथवा स्तर-7, यथास्थिति, मान्य होगा जो उसके द्वारा धारित मूल पद पर देय हो, न कि एमएसीपीएस (MACPs) आदि वित्तीय उन्नयन प्रदान किया गया वेतन स्तर।